अमर उजाला 16/07/2022

# उद्यम की स्पष्ट स्थिति एक नए व्यवसाय की शुरूआत

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी ने कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर राजपाल सिंह के दिशा निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। इसमें प्राचार्य ने कहा कि उद्यम की सबसे अधिक स्पष्ट स्थिति एक नए व्यवसाय की शुरुआत करना है।

सक्षमता, इच्छाशक्ति से कार्य करने का विचार संगठन प्रबंध की साहसिक उत्पादक कार्यों व सभी जोखिमों को उठाना और लाभ को प्रतिफल के रूप में प्राप्त करना है। व्याख्यान रमाकांत मुख्य कार्यकारी, उद्यमिता संवर्धन और ऊष्मायन परिषद अंबाला कैंट और अश्वनी गोयल, सदस्य प्रबंध समिति, अंबाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च अंबाला कैंट ने किया।

रमाकांत ने नए उद्यम की स्थापना पर अपनी यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। वार्ता में छात्रों को अपने विचारों को बाजार में मांग योग्य उत्पाद में बदलने के लिए प्रेरित किया। अश्विनी गोयल ने उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान से वाणिज्य, विज्ञान और कला वर्ग के लगभग 50 छात्र लाभान्वित हुए।